भारत सरकार

रेल मंत्रालय

लोक सभा

29.07.2026 के

अतारांकित प्रश्न सं. 1653 का उत्तर

तिरुवनंतपुरम और हैदराबाद के बीच रेलगाड़ी सेवा

1653. श्री हैबी ईडन:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने महंगी लंबी दूरी की बस सेवाओं पर बढ़ती निर्भरता को देखते हुए, केरल और हैदराबाद के बीच एक अतिरिक्त दैनिक रेलगाड़ी सेवा के लिए यात्रियों की भारी मांग का आकलन किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(ख) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि तिरुवनंतपुरम-सिकंदराबाद शबरी एक्सप्रेस रेलगाड़ी वर्तमान में केरल को हैदराबाद से जोड़ने वाली एकमात्र दैनिक रेलगाड़ी और यह 1555 किमी की दूरी तय करने में लगभग 28 घंटे का समय लेती है; और

(ग) यदि हां, तो क्या सरकार का महबूबनगर-कुरनूल-धर्मावरम के छोटे मार्ग से तिरुवनंतपुरम और हैदराबाद के बीच एक नई रेलगाड़ी सेवा शुरू करने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो प्रस्तावित समय-सीमा सहित इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (ग) केरल और हैदराबाद को सेवित करने वाली रेलगाड़ियों सहित भारतीय रेल पर आरक्षित सीटों की मांग का पैटर्न पूरे वर्ष एकसमान नहीं रहता है और यह कम व्यस्त और वयस्त अवधि के दौरान भिन्न होता है। इसके अलावा, लोकप्रिय मार्गों और सुविधाजनक समय

पर चलने वाली रेलगाड़ियां आम तौर पर अच्छी तरह से संतृप्त होती हैं, हालांकि, अन्य रेलगाड़ियों में, सीटें आमतौर पर उपलब्ध होती हैं। यात्री यातायात के मांग पैटर्न की नियमित आधार पर निगरानी की जाती है और इस आकलन के आधार पर, नई रेलगाड़ियां चलाई जाती हैं, त्योहारों/छुट्टियों/ग्रीष्मकाल/शीतकाल/तीर्थयात्रा के मौसम के दौरान विशेष रेलगाड़ियां चलाई जाती हैं और परिचालनिक व्यवहार्यता के अध्यधीन, अतृप्त मांग को पूरा करने के लिए मौजूदा रेलगाड़ियों में डिब्बों की संख्या अस्थायी/स्थायी आधार पर बढ़ाई जाती है।

तिरुवनंतपुरम सेंट्रल सिकंदराबाद खंड के यात्रियों को सुविधाएं मुहैया कराने के लिए, दिनांक 23.01.2026 से, 17041/17042 चर्लपल्ली-तिरुवनंतपुरम नॉर्थ अमृत भारत एक्सप्रेस चलाई है। तदनुसार, तिरुवनंतपुरम सेंट्रल - सिकंदराबाद सेक्टर वर्तमान में निम्नलिखित 02 जोड़ी रेलगाड़ियों द्वारा सेवित है:

क्र.सं.	गाड़ी सं. और नाम
1	17041/17042 चर्लपल्ली - तिरुवनंतपुरम नॉर्थ अमृत भारत एक्सप्रेस
2	20629/20630 सिकंदराबाद - तिरुवनंतपुरम सेंट्रल सबरी एक्सप्रेस

नागरकोविल, तिरुनेलवेली, धर्मवरम और गुत्ती के रास्ते तिरुवनंतपुरम सेंट्रल से सिकंदराबाद तक का सबसे छोटा मार्ग है। बहरहाल, चेंगन्नूर (सबरीमाला मंदिर को सेवित करने वाला रेलहेड), कोट्टयम, कोयंबटूर और तिरुपति के रास्ते 20629/20630 सिकंदराबाद-तिरुवनंतपुरम सेंट्रल सबरी एक्सप्रेस पारंपरिक रूप से परिचालित होती है। यद्यपि, यह मार्ग लंबा है, लेकिन यह कई महत्वपूर्ण शहरों और प्रमुख तीर्थ स्थलों को जोड़ता है, जिससे यह काफी बड़ी मात्रा में यात्रियों को सेवित करता है। इसके अलावा, 29 सितंबर 2025 से, भारतीय रेल ने रेलगाड़ियों की यात्रा का समय लगभग दो घंटे कम कर दिया है, जिससे इसे सुपरफास्ट सेवा में परिवर्तित किया जा सके।

इसके अलावा, किसी भी मार्ग/खंड पर नई रेलगाड़ी शुरू करना/मौजूदा रेलगाड़ी सेवाओं को बढ़ाना एक निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है, जो विभिन्न कारकों पर निर्भर करती है, जिनमें शामिल हैं:

- **उस खंड की क्षमता**
- **पथ की उपलब्धता**
- **अपेक्षित चल स्टॉक की उपलब्धता**
- **चल स्टॉक के लिए समान अवसंरचना की उपलब्धता**
- **रेलपथों और अन्य परिसंपत्तियों के अनुरक्षण की आवश्यकता**
- **खंड की अधिभोगिता और यातायात मांग।**

******